डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28
प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

मथुरा से प्रकाशित
होली की शुभकामनाएं
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-6 | मथुरा, सोमवार, 2 मार्च 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay




LIMITED TIME OFFER!
50% WAIVER
ON ADMISSION FEE
For The First 50 Registrations

## SARANG HIGH IMPACT SCHOOL

Nurturing Excellence, Creating Impact

Affiliated to CBSE, New Delhi (Affiliation no. 2134533)



International Pathways from PG to Class 8th followed by CBSE 9th & 10th

GIVE YOUR CHILD THE ADVANTAGE:
International Foundation (PG-8th) → CBSE Success (9th & 10th)








LAUNCHING YOUR FUTURE:
ADMISSIONS OPEN 2026-27
PLAY GROUP TO GRADE 9

+91 7454820901, 9458821111

SCAN FOR REGISTRATION

YOUR NEXT STEP: Book Your Free Campus Tour ! saranghighimpact.com

Add.: Chaitanya Vihar, Phase-1, Vrindavan




वर्ष-4 | अंक-6 | मथुरा, सोमवार, 2 मार्च 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


### मथुरा में मनरेगा कर्मियों की होली बेरंग

# रंगों के बीच कर्मियों के अधूरे सपने और खाली जेबें

विशेष संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज की विश्वविख्यात होली जहां रंग-गुलाल और उत्सव का प्रतीक है, वहीं जनपद में मनरेगा से जुड़े ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक (टीए) और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) के लिए यह पर्व आर्थिक अनिश्चितता के बीच गुजर रहा है। इन कर्मियों का कहना है कि उन्हें पिछले कई महीनों से मानदेय और संबंधित भुगतान नहीं मिला, जिससे परिवार की दैनिक जरूरतों और त्योहार की तैयारियों पर असर पड़ा है। मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में रोजगार सेवक जहां श्रमिकों की उपस्थिति, मस्टर रोल और कार्य प्रबंधन देखते हैं, वहीं तकनीकी सहायक कार्यों का मापन और गुणवत्ता नियंत्रण करते हैं तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पूरे ब्लॉक स्तर पर योजना संचालन की निगरानी करते हैं। इसके बावजूद इन तीनों स्तरों के कर्मियों को भुगतान में देरी होली के त्योहार पर




सवाल खड़े कर रही है। प्रदेश सरकार की ओर से मनरेगा के तहत समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर कर्मियों का कहना है कि वास्तविक स्थिति इन दावों से मेल नहीं खाती। कई कर्मियों ने इसे केवल "सियासी जुमला" बताते हुए कहा कि यदि भुगतान व्यवस्था समय पर होती, तो त्योहार के अवसर पर ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। हाल ही में जालौन जिले के डकोर विकास खंड में एक रोजगार सेवक द्वारा मानदेय न मिलने से आक्रोशित होकर विरोध जताने की घटना ने इस समस्या को प्रदेश स्तर पर उजागर कर दिया। मथुरा के मनरेगा कर्मियों ने भी इसे गंभीर संकेत बताते हुए लंबित भुगतान शीघ्र जारी करने की मांग की है। स्थानीय स्तर पर अधिकारियों का कहना है कि भुगतान प्रक्रिया तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर संचालित होती है। भुगतान हेतु सरकार से फंड जारी होने का इन्तजार है संबन्धित निधि जारी होते ही भुगतान प्रक्रिया संचालित हो सकेगी। हालांकि कर्मियों का कहना है कि जब तक वास्तविक भुगतान नहीं होता, तब तक आश्वासन से स्थिति में सुधार संभव नहीं है।

**रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक और एपीओ को महीनों से नहीं हुआ भुगतान**

**समय पर भुगतान का दावा सियासी जुमला ?**

**जमीनी स्तर पर कर्मियों को नहीं मिला मानदेय**

**त्योहार पर भी नहीं मिली राहत, मनरेगा तंत्र के प्रमुख कर्मियों में बढ़ी नाराजगी**

**मथुरा में भी कर्मियों ने उठाई आवाज**



होली गेट चौराहा पर सजी हुई होलिका की प्रतिमा की गोदी में भक्त प्रहलाद।

## चंद्रग्रहण के कारण बांके बिहारी मंदिर की बदली समय-सारिणी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार के मुताबिक तीन मार्च को चंद्रग्रहण के कारण ठाकुर श्री बांके बिहारी महाराज के दर्शन एवं आरतियों के समय में परिवर्तन किया गया है। समय-सारिणी के अनुसार राजभोग सेवा के लिए सेवायत का निज मंदिर में प्रवेश प्रातः 5:15 बजे होगा। दर्शन प्रातः 6:15 बजे खुलेंगे। श्रृंगार आरती प्रातः 6:25 बजे होगी। इसके बाद प्रातः 6:30 बजे छींटा देकर पर्दा बंद किया जाएगा। उसी समय से राजभोग सेवा प्रारंभ होगी। राजभोग आरती प्रातः 8:25 बजे होगी तथा 8:30 बजे छींटा देकर पर्दा बंद कर दिया जाएगा। सेवायत का निज मंदिर से निकास प्रातः 9:00 बजे होगा। शयनभोग सेवा के अंतर्गत सेवायत का निज मंदिर में प्रवेश शाम 7:00 बजे होगा। दर्शन रात्रि 8:00 बजे खुलेंगे। शयन आरती रात्रि 9:55 बजे प्रारंभ होगी। रात्रि 10:00 बजे छींटा देकर पर्दा बंद किया जाएगा तथा सेवायत का निज मंदिर से निकास रात्रि 10:30 बजे होगा।

### जीआरपी ने जंक्शन स्टेशन पर बड़ा हादसा होने से बचाया

# अचानक भीड़ का दवाब बढ़ने से मची अफरा-तफरी

**यूनिक समय, मथुरा।** बीती रात मथुरा जंक्शन पर अचानक भीड़ बढ़ जाने के कारण प्लेटफॉर्म पर ट्रेन के आने के दौरान यात्रियों में भगदड़ जैसा माहौल पैदा हो गया। कई यात्री ट्रेन से उतरने चढ़ने के दौरान गिर कर चोटिल हो गए। मौके पर मौजूद जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने स्थिति को तुरंत कंट्रोल किया वरना रात को बड़ा हादसा हो सकता था। मथुरा में होने वाले होली के कार्यक्रमों के मद्देनजर रेल प्रशासन, जीआरपी और आरपीएफ ने मथुरा जंक्शन स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इतंजाम किए हैं। पुलिस के अधिकारियों ने भीड़ पर नियंत्रण रखने के लिए विशेष निर्देश दिए थे। इसके चलते मथुरा जंक्शन पर राजकीय रेलवे पुलिस और आरपीएफ के जवान सतर्क थे। बताया गया कि रात को करीब 11 बजे अचानक प्लेटफार्म पर भीड़ का दवाब बढ़ गया। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर आने के दौरान यात्रियों में भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए। इसके चलते ट्रेन से उतरने और चढ़ने के चक्कर में कई यात्री गिर कर चोटिल हो गए। प्लेटफार्म पर मौजूद जीआरपी और आरपीएफ के जवानों ने तुरंत स्थिति को कंट्रोल करने के लिए कड़ी मशक्कत करके भीड़ को कंट्रोल किया। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई। चुटैल यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया गया। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि रात के समय अचानक प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ का दवाब बढ़ गया। इसके चलते स्टेशन पर यात्रियों में भगदड़ जैसे हालात बन गए थे। ट्रेन से उतरने चढ़ने के दौरान कुछ यात्रियों को हल्की चोट भी आई थी। स्टेशन पर मौजूद जीआरपी के जवानों ने तुरंत घटना को बड़ी सफलता के साथ कंट्रोल कर स्थिति को सामान्य किया, जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया।

**ट्रेन में उतरने चढ़ने के दौरान कई यात्री हुए चोटिल**

**जीआरपी ने मुस्तैदी से भीड़ पर किया कंट्रोल**

## होली पर 4 मार्च को शाम 5 बजे तक शराब और भांग की दुकानें बंद रहेंगी

**यूनिक समय, मथुरा।** होली पर्व को देखते हुए जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट एवं लाइसेंस प्राधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने विशेष आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद की समस्त देशी मदिरा, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, विदेशी मदिरा (एफएल) तथा भांग की फुटकर दुकानें 4 मार्च को सायं 5:00 बजे तक पूर्णतः बंद रहेंगी। इसके अतिरिक्त कस्बा बल्देव स्थित आयोजित होने वाले प्रसिद्ध हुरंगा पर्व को देखते हुए वहां की देशी मदिरा, कम्पोजिट शॉप एवं भांग की फुटकर दुकानें 5 मार्च हुरंगा के दिन सायं 7:00 बजे तक पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

रौनक

### शहरी, कस्बा और ग्रामीण बाजारों में रौनक

# रंगों के पर्व से व्यापारियों के चेहरे खिले

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** होली के त्योहार पर इस बार जिले के बाजारों में खूब रौनक दिखाई दे रही है। रंग, गुलाल और पिचकारी खरीदने के लिए लोगों की भीड़ सुबह से रात तक दुकानों पर लगी रही। व्यापारियों के अनुसार केवल रंग, गुलाल और पिचकारियों की ही करीब तीन करोड़ रुपये की बिक्री होने का अनुमान है। वहीं कपड़े, मिठाई, खिलौने और अन्य सामान मिलाकर पूरे जिले में लगभग आठ करोड़ रुपये का कारोबार होने का संकेत है। शहर के मुख्य बाजारों के साथ-साथ कस्बों और गांवों में भी दुकानों पर अच्छी भीड़ लगी दिखाई दी। बच्चों ने तरह-तरह की रंगीन और डिजाइन वाली पिचकारियां खरीदीं। युवाओं के बीच हर्बल रंग और अलग-अलग खुशबू वाले गुलाल की मांग ज्यादा रही। महिलाओं ने भी घर की सजावट और पूजा के सामान की जमकर खरीदारी की। दुकानदारों ने बताया कि इस बार बिक्री पिछले साल से बेहतर है। बाहर से आए श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने भी बाजार में खरीदारी की, जिससे व्यापार को फायदा मिला। हालांकि, इतनी बड़ी बिक्री के बीच अधिकांश दुकानदारों ने बिना बिल के समान बेचा है तो कई दुकानदारों ने लेन देन नकद लिया। शिकायत यह भी मिली कि कई दुकानों पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा होने के बावजूद ग्राहक से कैश ही लिया गया। इससे यह साबित हो रहा है। सरकार को टैक्स के नाम पर चूना लगा दिया है। ग्राहकों का कहना है कि त्योहार के समय व्यापार बढ़ना अच्छी बात है, लेकिन बिल देकर और सही तरीके से बिक्री करना भी जरूरी है। इससे सरकार को टैक्स मिलता है,लेकिन मिठाई से लेकर अन्य दुकानदारों ने सरकार को टैक्स के नाम पर चूना लगा दिया है।

## सीए फाइनल उत्तीर्ण कर शुभम और तनुश्री ने बढ़ाया मथुरा का मान

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले के होनहार विद्यार्थियों शुभम चतुर्वेदी और तनुश्री अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। शुभम चतुर्वेदी ने सीए फाइनल के प्रथम ग्रुप को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण किया। वहीं तनुश्री अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी के सभी स्तर-फाउंडेशन जिले में द्वितीय स्थान लेकर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। दोनों विद्यार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से तैयारी कर जनवरी 2026 में आयोजित सीए परीक्षा में सफलता प्राप्त की। तनुश्री अग्रवाल ने मथुरा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विशेष पहचान बनाई।



शुभम चतुर्वेदी और तनुश्री

### बांके बिहारी मंदिर में कल थम जाएगी रंगों की बौछार

# मंदिरों में सुबह से बरसा रंग, अबीर गुलाल


ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं पर बरसते रंग का नजारा।


बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने के लिए लाइन में इंतजार करते श्रद्धालु।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृन्दावन।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में आज रात्रि नौ बजे होने वाली शयनभोग आरती के बाद पट बंद होते ही रंगों की बौछार थम जाएगी। इसी के साथ बांके बिहारी मंदिर के आंगन में रंगभरनी एकादशी 27 फरवरी से चल रहे रंगोत्सव का समापन होते ही कुछेक मंदिर – देवालयों को छोड़कर अधिकांश प्रमुख मंदिरों में होली महोत्सव सम्पन्न हो जाएगा। सोमवार को रंगीली होली के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान के दर्शन करने को मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र में अलसुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक बदस्तूर जारी रहा।


ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़ का नजारा।

## राजाधिराज ने भक्तों संग खेली होली

**मुख्य संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में होली का उत्सव मनाया गया। मंदिर में भगवान द्वारकाधीश ने प्रातः 10:00 से 11:00 बजे तक भक्तों के साथ होली खेली। रंग और गुलाल की बौछार के बीच मंदिर परिसर भक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर होली का आनंद लिया। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि कल प्रातः 6:00 बजे मंदिर में होली प्रदीपन (होलिका दहन पूजन) किया जाएगा। इसके उपरांत फाल्गुनी उत्तरा नक्षत्र में डोल महोत्सव मनाया जाएगा। प्रातः 10:30 से 11:00 बजे तक विशेष दर्शन एवं उत्सव की झांकी रहेगी, जबकि चौथी झांकी दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खोली जाएगी। चंद्र ग्रहण के समय पर भी मंदिर प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। अपराह्न 3:20 बजे से सायं 6:50 बजे तक ठाकुर जी के दर्शन निरंतर खुले रहेंगे।

### कल डोल महोत्सव, चंद्र ग्रहण के दौरान भी खुलेंगे दर्शन

## होलिका दहन में हरे पेड़ काटने से बढ़ रहीं है परेशानी

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में होली का त्योहार खुशी और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। लोग कई दिनों से इस दिन का इंतजार कर रहे थे। शहर और गांवों में होलिका पूजा की रस्म पूरी कर ली गई है। लोगों ने पूजा की और परिवार की सुख–शांति के लिए प्रार्थना की। बच्चों और युवाओं में खास उत्साह देखा गया। लेकिन होलिका दहन में कई जगह सूखी लकड़ी की जगह गीली लकड़ी रखी, जिससे ज्यादा धुआं होगा और लोगों को दिक्कत होगी। जानकारों की मानें तो कुछ स्थानों पर होलिका बनाने के लिए हरे पेड़ और टहनियां काट लगाई गई। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है। बुजुर्ग रामहरी सिंह ने बताया कि पहले होलिका दहन गोबर के कंडों और सूखी लकड़ी से किया जाता था। लोग घरों से कंडे लाकर होलिका तैयार करते थे। इससे पेड़ नहीं काटने पड़ते थे और धुआं भी कम होता था। अब कई जगह ज्यादा लकड़ी इस्तेमाल की जा रही है, जो सही नहीं है। होली खुशियों का त्योहार है। अगर हम सूखी लकड़ी और कंडों से होलिका जलाएं तो पेड़ बचेंगे और प्रदूषण भी कम होगा।

## ठाकुर कुब्जाकृष्ण मंदिर में मना रंगों के साथ उत्सव

### अंतापाड़ा स्थित होली बगीचा में उमड़े श्रद्धालु



**यूनिक समय, मथुरा।** अंतापाड़ा स्थित ठाकुर कुब्जाकृष्ण मंदिर के बगीचा परिसर में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ होली उत्सव मनाया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और ठाकुर जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर पूरे दिन रंगों व गुलाल, भजन–कीर्तन और जयकारों से गूंजता रहा। उत्सव के दौरान मंदिर को सजाया गया। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर के महंत आशीष चतुर्वेदी ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम और भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में युवांश पुजारी, झल्लू चतुर्वेदी, अमित पुजारी, पवन अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, तरुण यादव, विक्रम, मनोज, राहुल और अभिषेक आदि उपस्थित थे।

## होलिया में उड़े रे गुलाल, रामगढ़ बना मथुरा का फार्म हाउस


कार्यक्रम में थिरकती महिलाएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा ने एटीवी के पास स्थित महेश मित्तल फार्म हाउस पर होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की विशेषता रही शोले फिल्म के प्रसिद्ध सेट की तर्ज पर सजा 'रामगढ़' गांव, जिसने सभी को रोमांचित कर दिया। अध्यक्ष प्रदीप फौजदार ने ठाकुर और मिताली फौजदार ने बसंती बनकर संवादों से समां बांधा। "हाल क्या है दिलों का" और "होलिया में उड़े रे गुलाल" जैसे गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। कृष्ण–राधा रूप में भव्या और महक अग्रवाल ने "आज बिरज में होली रे रसिया" पर लठामार होली की छटा बिखेरी। हाऊजी के विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा वैवाहिक वर्षगांठ पर केक काटकर बधाइयां दी गईं। अंत में उपाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, उमेश जुगसना, केवलराम चंदानी, पीयूष जैन, डॉ. डी.डी. गर्ग, जितेंद्र मित्तल, हेमंत अग्रवाल, अतुलकृष्ण अग्रवाल, महेश, पंकज, प्रवीन मित्तल, राजेश, पंकज गुप्ता, गोपाल, विमल, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. ललित वार्ष्णेय, तेज मानिक, मनोहर गंगवानी, आशीष साहू आदि थे।

### तापमान / मौसम

32 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

16 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

### सोना–चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,72,000
22 कैरेट 1,58,240
(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

3,05,000 प्रति किलो

### आपातकालीन सेवाएं

- 112 -आपातकालीन सेवा
- 1962 - रेलवे हेल्पलाइन
- 100 - पुलिस
- 108 - एंबुलेंस (स्वास्थ्य सेवा)
- 102 - एंबुलेंस (मातृ एवं शिशु सेवा)
- 101 - अग्निशमन (फायर ब्रिगेड)
- 1090 - महिला हेल्पलाइन
- 1091 - महिला पुलिस सहायता
- 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन
- 104 - स्वास्थ्य सलाह सेवा
- 1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
- 1033 - राष्ट्रीय राजमार्ग आपात सेवा
- 1073 - सड़क दुर्घटना आपात सहायता

### बिजली शिकायत


1912- (बिजली कटौती, फॉल्ट, लो वोल्टेज, बिल से जुड़ी शिकायतें)
**वाट्सऐप: 8010957826**

### नगर निगम

**1533** – नगर निगम संपूर्ण शिकायत हेल्पलाइन
**14420** — सीवर सफाई के लिए
**18003094747**- टोल–फ्री हेल्पलाइन (कॉमन सिटी शिकायत)
**0565-2503632** - नगर निगम कार्यालय फोन (नियमित शिकायत)

## चोरी करने वाली चार महिलाएं गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली चार महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है। महावन पुलिस ने गोकुल में छड़ीमार होली देखने के लिए आई एक महिला के गले से मंगल सूत्र चोरी करने के मामले में पुलिस ने चंद्रावली मंदिर से पहले संत आश्रम बापू आश्रम के समीप से चार महिलाओं को गिरफ्तार कर उनसे महिला का चोरी किया गया मंगलसूत्र बरामद किया है।



## लूट की वारदात के बाद भाग रहा था बदमाश

# मोबाइल और बाइक लूटने वाला घायल लुटेरा मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना मगोर्रा पुलिस की कल रात एक लुटेरे से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल लुटेरे को पुलिस ने हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। लुटेरे से देशी तमंचा कारतूसों के अलावा लूटी गई बाइक की चाबी और मोबाइल बरामद हुआ है। सीओ गोवर्धन ने बताया कि मगोर्रा क्षेत्र में 28 फरवरी को बदमाशों ने मघेरा पुलिया पर एक युवक का मोबाइल और बाइक की चाबी लूट ली थी। इस मामले में थाना मगोर्रा में मुकदमा दर्ज कराया गया था। बीती रात थाना मगोर्रा प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि लूट की वारदात को अंजाम देने वाला लुटेरा किसी अन्य वारदात को करने के लिए सौंख की ओर आ रहा है। इस पर थाना प्रभारी ने नगला अक्खा बम्बे की पुलिया पर चेकिंग शुरू कर दी।



मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए लुटेरे को लेकर जाती पुलिस।

### लुटेरे से लूटी गई बाइक की चाबी व मोबाइल बरामद

बाइक से गुजरते बदमाश ने पुलिस को पुलिया पर देख कर बाइक को बम्बे पटरी पर मोड़ दिया। पुलिस ने बदमाश का पीछा किया। इसी दौरान बदमाश की बाइक फिसल गई। अपने को घिरा देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से घायल बदमाश कुलदीप निवासी अंडला थाना खैर जिला अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।




## भाजपा का होली मिलन समारोह

# फाग की तान और गुलाल की फुहार



भाजपा महानगर की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

### विधायक के गायन पर झूमे कार्यकर्ता

### होली पर्व पर लिया एकजुटता का संकल्प

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज की पारंपरिक आभा और उत्साह के बीच सौंख रोड स्थित एक में भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में रंग, रस और संगठनात्मक ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला। पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं मथुरा–वृंदावन क्षेत्र के विधायक श्रीकांत शर्मा जैसे ही ब्रज के लोकस्वर में होली गीत की प्रस्तुति दी, पूरा पंडाल तालियों और उल्लास से गूंज उठा। चंग और ढप की थाप पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए तथा गुलाल और पुष्पवर्षा से एक–दूसरे का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि ब्रज की होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक पारस पार्थ सारथी ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा पर चलने का संदेश दिया। राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, गोवर्धन क्षेत्र के विधायक मेघश्याम सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ब्रज की सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने और सामाजिक एकता को मजबूत करने पर बल दिया। इस अवसर पर महानगर के पूर्व अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर, पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल, पूर्व नगर महामंत्री संजय शर्मा, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, रामकिशन पाठक, चंद्रपाल कुंतल, हरिओम शर्मा, एडवोकेट, महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा आदि उपस्थित थे।

# मुठभेड़ में पच्चीस हजार का इनामी गिरफ्तार



मुठभेड़ के बाद पुलिस गिरफ्त में पच्चीस हजार का इनामी अभियुक्त।

### गणेश पहलवान की हत्या में था वांछित

**यूनिक समय, गोवर्धन (मथुरा)।** गोवर्धन पुलिस और स्वाट टीम ने गणेश पहलवान की हत्या का प्रयास के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को उसके कब्जे से देशी तमंचा कारतूस भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम भी घोषित है।

सीओ ने बताया कि व्यापार मंडल के गणेश पहलवान की हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे दस बिसा गोवर्धन निवासी अन्नू उर्फ अनुराग पच्चीस हजार के इनामी अपराधी के बारे में थाना प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर और स्वाट टीम प्रभारी को जानकारी लगी। गोवर्धन पुलिस और स्वाट टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की। पुलिस की महमदपुरा चौराहे के आगे पूर्व चेयरमैन खेमचंद के खेत के आगे उसे घेर लिया। पुलिस टीम को देख कर उसने तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को इसके कब्जे से देशी तमंचा कारतूस भी मिले हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर, स्वाट टीम प्रभारी अजय वर्मा, उप निरीक्षक हरेंद्र मलिक व पुलिस टीम शामिल थे।

# होली भाईचारे, आपसी प्रेम, सदभाव एवं एकता का प्रतीक



युवा ब्राह्मण संगठन के बैनर तले आयोजित होली मिलन समारोह में पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा को सम्मानित करते पदाधिकारी

**यूनिक समय, राया ( मथुरा)।** युवा ब्राह्मण संगठन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह एवं फाग महोत्सव मनाया कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ऊर्जामंत्री श्रीकांत शर्मा एवं पूर्व विधायक राजकुमार रावत ने भगवान परशुराम के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर किया।

पूर्व ऊर्जा मंत्री ने कहा कि होली भाईचारे, आपसी प्रेम, सदभाव एवं एकता का प्रतीक है। हमें मिलजुल कर यह त्यौहार मनाना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने राधाकृष्ण के स्वरूप के साथ फूलों की होली खेली। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष श्यामसुंदर उपाध्याय, राकेश शर्मा, अरविंद शर्मा, भोलेश्वर उपमन्यु, रुद्रप्रकाश सारस्वत, हिमांशु व्यास, रामकुमार उपाध्याय तथा अभिषेक पाराशर आदि उपस्थित थे। संगठन के अध्यक्ष विशाल पाराशर ने सभी का आभार जताया।

# मंडी समिति व्यापार सभा का होली मिलन समारोह



होली मिलन समारोह में शामिल व्यापारी।

**यूनिक समय, गोवर्धन।** अनाज मंडी समिति के बैनर तले आयोजित होली मिलन सम्मेलन में व्यापारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगााया। मंडी में मजदूरी करने वाली लेबर ने भी शिरकत की और एक दूसरे से जमकर रंग गुलाल से होली खेले। मंडी समिति कर्मचारी राजवीर सिंह यादव, व्यापार सभा अध्यक्ष जमुना प्रसाद कटारा, भूरा चौधरी, राधे खंडेलवाल, मोनू पांडेय, नन्दो चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी, गज्जो चौधरी, हरिचंद चौधरी एवं अशोक अग्रवाल पिंटू आदि शामिल थे।



## केशीघाट पर भक्ति और रंगों का संगम, देर रात तक गूंजे जयकारे

# फूलों की बरसात में नाचे राधाकृष्ण



केशीघाट आरती घाट में होली उत्सव पर राधाकृष्ण के स्वरूप नृत्य करते हुए।

## यमुना महारानी की आरती के साथ दिलाया स्वच्छता का संकल्प

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** यमुना किनारा हो। मौका होली उत्सव का हो। उसमें राधाकृष्ण के स्वरूप फूलों की होली खेले। फिर वहां का नजारा क्या अदभुत होगा। शायद इस नजारे को देखने वाले ही बयां कर सकते हैं।

ऐसा अनुभव महसूस हो रहा था कि राधाकृष्ण लोगों के अपने यहां उपस्थित होने का अहसास करा रहे हैं। यमुना महारानी सेवा समिति के अध्यक्ष संत आनंद स्वरूप गंगा बाबा के सानिध्य में आयोजित होली उत्सव में यमुना किनारे केशीघाट (आरती घाट) पर अदभुत नजारा था। यहां आयोजित कार्यक्रम में राधाकृष्ण के स्वरूपों ने नृत्य किया और फिर फूलों की होली खेली। यमुना किनारे राधाकृष्ण को फूलों की होली खेलते देख यमुना भक्त भी थिरकने लग गए। देर रात्रि विद्युत की रंग बिरंगी छटा में यमुना का नजारा अलग ही दिखाई दे रहा था। इंदौर से आए भक्तों ने कलाबाजी का प्रदर्शन किया।



आरती घाट पर यमुना महारानी की आरती करते राजकुमार शर्मा युवराज, संत आनंद स्वरूप गंगा बाबा।

संत आनंद स्वरूप गंगा बाबा ने भक्तों को यमुना महारानी की पूजा कराई। फिर महाआरती की। बीच में राजकुमार शर्मा युवराज ने महाआरती की बागडोर संभाली। इस मौके पर कानपुर से रजत अग्रवाल, मुन्नू गुप्ता, इन्दौर से पवन माने और सचिन यादव के नेतृत्व में पचास भक्त, हनुमान बाहुबलि व्यामशाला के पहलवान दिल्ली प्रतीक, सचिन निखिल, वृंदावन के मुन्ना लाल निषाद, पंकज अग्रवाल, दशरथ गुप्ता, बड़े महराज, भंडारी बाबा, खन्ना मनीष, हैप्पी, सूरज, शिवराम, राजू भाई, हरीशंकर चौहान, तरून, मृदुल रसराज महाराज तथा गोपाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

## हाईस्कूल हिंदी परीक्षा में 100 परीक्षार्थी अनुपस्थित


**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में मंगलवार को आयोजित सीबीएसई हाईस्कूल हिंदी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की ओर से समुचित व्यवस्थाएं की गई थीं। कक्षा 10 की हिंदी विषय में 13,208 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 13,108 छात्र–छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए जबकि 100 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।









# मैं तो होरी खेलूं रसभरी प्रियाकान्तजु संग.....






प्रियाकांत जु मंदिर में भक्तों के साथ होली खेलते धर्माचार्य देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज।

## प्रियाकान्तजु मंदिर पर हाईड्रोलिक पिचकारी से भक्तों पर बरसा टेसू का रंग


**यूनिक समय, वृन्दावन**। छटीकरा मार्ग स्थित प्रियाकान्तजु मंदिर पर सोमवार को हाईड्रोलिक होली खेली गयी। सुबह 10 बजे मंदिर संस्थापक देवकीनंदन महाराज ने मंदिर के गर्भगृह में प्रियाकान्तजु विग्रह को गुलाल लगाकर होली की शुरुआत की। मंदिर प्रांगण में बनाये गये मंच पर राधा–कृष्ण स्वरूपों के साथ ब्रज के गोप–ग्वालों ने हास–परिहास के साथ ब्रज के रसिया गाये। राधा–कृष्ण की मधुर मनुहार और सवांदों से भक्त निहाल होते रहे। भजनों पर नाचते गाते श्रद्धालुओं के बीच देवकीनंदन महाराज ने लड्डू–जलेबी लुटायें। राधा–कृष्ण स्वरूपों ने फूलों से एक दूसरे के साथ होली खेली। यह पुष्प भक्तों पर भी बरसाये गये। इसके पश्चात बरसाने की लठामार होली के दर्शन हुये। मंदिर में चारों ओर रंग–बिरंगा गुलाल उड़ने लगा तो सारा वातावरण सतरंगी हो गया। देवकीनंदन महाराज ने मंदिर अट्टालिका से हजारों श्रद्धालुओं के हुजूम पर टेसू का रंग बरसाया तो, भीनी–भीनी खुशबू से फागुन की मस्ती दिखने लगी। 'मेरो खोय गयो बाजूबंद रसिया होरी में....' मैं तो होरी खेलूं रसभरी, प्रियाकान्तजु संग...' जैसे भजनों भक्तों ने खूब ठुमके लगाये। नाचते हुये भक्तों पर हाईड्रोलिक पिचकारी से रंग बरसता तो सभी झूमकर राधे–राधे के जयकारे लगाने लगते। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक, सीडीओ पीके शुक्ला, मंदिर सचिव विजय शर्मा, देवांश महाराज, रवि रावत, प्रमोद गुप्ता, सतीश गर्ग, वीर सिंह, मुकेश पाण्डेय, योगेश शर्मा आदि मौजूद थे।





















# ओमेक्स ग्रुप 'ब्रज की होली' से जगमगाया वृंदावन



ओमेक्स ग्रुप 'ब्रज की होली' का शुभारंभ करते चेयरमैन रोहताश गोयल, मैनेजिंग डायरेक्टर मोहित गोयल और प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड सुनील कुमार सोलंकी, सुषमा गोयल ।

**यूनिक समय, मथुरा।** राधा कुंड रोड स्थित ओमेक्स एटर्निटी में 'ब्रज की होली ओमेक्स वाली' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 10,000 से अधिक लोग शामिल हुए। रंग, भक्ति और आधुनिक प्रस्तुतियों के संगम ने इसे शहर के सबसे बड़े आयोजनों में शामिल

## सुगंधा मिश्रा की शानदार प्रस्तुति ने समां बांधा

कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, इसके बाद शिव, हनुमान और लव–कुश पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां मशहूर ग्रुप क्रेजी हूपर्स ने पेश कीं। रोहतास गोयल और मोहित गोयल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मोहित गोयल ने कहा कि ब्रज की होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि भावना और परंपरा का उत्सव है। कार्यक्रम में एमजे 5, बोलीजयामर्स और सुगंधा मिश्रा की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। फूलों की होली और भव्य ड्रोन शो ने आयोजन को यादगार बना दिया। यह आयोजन संस्कृति, आस्था और सामूहिक उत्सव का प्रतीक बनकर उभरा।


























# धर्मेन्द्र वर्मा अध्यक्ष और मुकेश शर्मा बने महामंत्री

## मथुरा रिफाइनरी में कर्मचारी संघ के चुनाव


धर्मेन्द्र वर्मा


मुकेश शर्मा

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के वार्षिक चुनाव हो गए हैं। धर्मेन्द्र वर्मा अध्यक्ष और मुकेश शर्मा महामंत्री चुने गए। राजेश कुमार दीक्षित को उपाध्यक्ष चुना गया है। इस वर्ष चुनाव 27 फरवरी को हुए थे। वर्ष 2026-27 के लिए हुए चुनाव में 502 वोट पड़े। अध्यक्ष पद के दावेदार धर्मेन्द्र वर्मा ने अपने प्रतिद्वंदी देवेंद्र कुमार को 79 वोटों से शिकस्त दी। धर्मेन्द्र वर्मा को 217 वोट जबकि उनके प्रतिद्वंदी को 137 वोट मिले। महामंत्री पद पर खड़े मुकेश शर्मा ने प्रचंड बहुमत से अपने नाम किया। उन्होंने भरत भूषण दुबे को 238 मतों से मात दी। उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार दीक्षित चुने गए। उन्होंने श्री यशवंत सिंह को हराया। संयुक्त सचिव (औ. विवाद) के पद पर हरीश कुमार चुने गए। संयुक्त सचिव (जन कल्याण) के लिए तुलसी राम उपाध्याय ने फतेह सिंह को मात्र 2 वोट से हराकर जीत दर्ज की। देवेंद्र कुमार ने पुष्पेन्द्र गिरि को हराकर कोषाध्यक्ष पद अपने नाम किया। सदस्यों विवेक कटियार, चौधरी विपिन कुमार सिंह, अवनीश मिश्रा, अखिलेश पासवान और शुभम जायसवाल चुने गए। सदस्यीय कर्मचारी संघ के लिए हुए चुनाव में मुकेश शर्मा के ग्रुप के 08 सदस्यों ने जीत दर्ज की। वहीं प्रतिद्वंदी पार्टी के 03 सदस्य चुनाव जीत सके।

## दो चोर गिरफ्तार, तीन मोबाइल बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन पुलिस ने दो अभियुक्तों को चोरी के तीन मोबाइलों और दो पर्स के अलावा दो चाकुओं के साथ गिरफ्तार किया है। वृंदावन पुलिस ने गंदी गली के मोड़ के समीप से अभियुक्त प्रशांत व जतिन निवासी 196/7सीबीअई गली नंबर 9 थाना सिंह नगर आनंद पर्वत नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

## किशोरी से दुराचार करने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ दुराचार करने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त रोहित कुमार निवासी पीरी गढ़ी थाना राया को उसके गांव से गिरफ्तार किया है।


होली उत्सव में मौजूद महिलाएं।

# अग्रवाल सभा अग्रमाध्वी समिति का रंगारंग होली उत्सव


**यूनिक समय, मथुरा।** अग्रवाटिका में अग्रमाध्वी समिति द्वारा होली के उपलक्ष्य में "रंग उड़ेंगे, सुर मिलेंगे" शीर्षक से भव्य अंताक्षरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आशा अग्रवाल एवं मीरा अग्रवाल ने ठाकुरजी को माल्यार्पण कर किया। समिति द्वारा विशेष रूप से एंकर आरजे कौशल को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपने रोचक अंदाज में पहले हाउसी खिलाकर माहौल को उत्साह से भर दिया। इसके बाद अंताक्षरी प्रतियोगिता प्रारंभ हुई, जिसमें छह टीमें बनाई गईं–नीली, लाल, मैजेंटा, बैंगनी, हरी और पीली टीम। प्रत्येक टीम में 20 सदस्य शामिल थे। रोमांचक मुकाबले के बाद मैजेंटा टीम विजेता रही, जबकि हरी टीम द्वितीय उपविजेता घोषित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेणुका अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल एवं प्रियंका अग्रवाल ने की। बोर्ड सदस्य प्रिया, नेहा, श्वेता, सविता, अंकिता और प्रीति ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। नम्रता, रुचि, अनुपमा, हिमांशी एवं श्रुति सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।























## सम्पादकीय

# स्मार्टफोन ने खोली युवाओं की मानसिक हेल्थ की पोल

अरे वाह! तकनीक ने तो कमाल कर दिया, बच्चों को रियल लाइफ से दूर कर दिया और डिजिटल दुनिया में फंसा दिया। 'ग्लोबल माइंड हेल्थ इन 2025' रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के युवा 84 देशों में 60वें स्थान पर हैं। यानी, जिस पीढ़ी को स्मार्टफोन, ऐप्स और एआई जैसी सुविधाएँ मिली हैं, वही सबसे असुरक्षित महसूस कर रही है। बुजुर्गों का माइंड हेल्थ स्कोर 96 है, और युवा केवल 33। क्या यह विडंबना नहीं है कि सबसे तकनीकी सक्षम पीढ़ी मानसिक रूप से सबसे कमजोर है? रिपोर्ट कहती है कि स्मार्टफोन और स्क्रीन–टाइम युवाओं के सामाजिक कौशल चुराकर ले गए हैं। बचपन का बड़ा हिस्सा मोबाइल और टीवी के सामने बीतने से भावनाओं को नियंत्रित करने की क्षमता कमजोर हो गई है। मतलब, यदि कोई गेम में हार जाता है, तो रोने में शर्म नहीं, लेकिन असली जिंदगी की चुनौतियों में संभलना मुश्किल। पारिवारिक जुड़ाव भी कम हुआ है। भारत में 55+ आयु वर्ग में 78 प्रतिशत लोग परिवार के करीब महसूस करते हैं, जबकि युवाओं में यह केवल 64 प्रतिशत। अल्ट्रा–प्रोसेस्ड फूड और जंक फूड की बढ़ती आदत ने भी मस्तिष्क की कार्यक्षमता पर नकारात्मक प्रभाव डाला है - 44 प्रतिशत युवा नियमित रूप से जंक फूड खाते हैं। अब समझिए, यह सिर्फ चिंता या अवसाद का मामला नहीं है। मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित करता हैः निर्णय लेने की क्षमता, ध्यान केंद्रित करने की शक्ति, स्थिर संबंध बनाने की कला और तनाव से उबरने की क्षमता। मतलब, अगर युवा मानसिक रूप से कमजोर होंगे, तो देश के भविष्य के 'सुपरस्टार्स' गेम ओवर हो सकते हैं। नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और अभिभावकों के लिए यह रिपोर्ट एक 'वेक–अप कॉल' है। स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य को अनिवार्य विषय बनाना, स्क्रीन–टाइम पर राष्ट्रीय नीति लागू करना और घरों में संवाद की संस्कृति फिर से जीवित करना जरूरी है। युवा पीढ़ी को केवल परीक्षा और अंक की दौड़ में फंसाने से कोई फायदा नहीं - मानसिक लचीलापन ही असली सुपर पावर है। तो, अगली बार जब बच्चा मोबाइल लेकर आपके सामने बैठा हो, तो सोचिएः क्या वह इंस्टाग्राम में नए लाइक्स के लिए खुश है या अपनी मानसिक क्षमता खो रहा है? एक मजबूत राष्ट्र सिर्फ गगनचुंबी इमारतों और जीडीपी आंकड़ों से नहीं बनता, बल्कि स्वस्थ और संतुलित मस्तिष्क वाली युवा पीढ़ी से बनता है। इसलिए, स्मार्टफोन की दुनिया में खोए बच्चों को असली जिंदगी का जीपीएस दें, ताकि वे मानसिक रूप से मजबूत, खुश और तैयार हों।


पवन गौतम
संपादक

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

## नजरिया

# शिक्षा में न्यायपालिका : विवाद नहीं, संवाद की जरूरत

ललित गर्ग



शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, बल्कि दृष्टि प्रदान करना भी है। जब हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी बताना जरूरी है कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार और प्रशासनिक दुरुपयोग के खिलाफ कैसे कदम उठाए हैं, नागरिक अधिकारों की रक्षा में उसने किस प्रकार ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं, और लोकतंत्र की संरचना को मजबूत करने में उसका क्या योगदान रहा है। यह संतुलित दृष्टिकोण न केवल बच्चों के ज्ञान का विस्तार करता है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार और सजग नागरिक बनने की प्रेरणा भी देता है।

हाल ही में शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में "हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका" शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मामलों का उल्लेख किए जाने पर सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी जताई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की टिप्पणी कि "किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगा" केवल भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। यह विवाद कई महत्वपूर्ण सवाल उठाता है। क्या यह केवल संपादकीय चूक थी, या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं संरचनात्मक कमी है? क्या बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में जानकारी देना उचित है, और इसे किस रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए? तथ्य यह है कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार की समस्या पूरी तरह काल्पनिक नहीं है। अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, और कभी–कभी न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। लेकिन न्यायपालिका ने समय–समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने जैसी पहलें इस संस्थान की पारदर्शिता को सुदृढ़ करने के प्रयास हैं। अतः सवाल यह है कि समस्या का चित्रण किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से किया जाए। शिक्षा में आलोचना हो सकती है, पर निराशा और अविश्वास का बीजारोपण नहीं होना चाहिए। पाठ्य पुस्तकों में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख और सुधारात्मक पहल का अभाव बच्चों में अविश्वास पैदा कर सकता है। इसलिए शिक्षा में आलोचना और संतुलन दोनों आवश्यक हैं। इस विवाद ने यह भी संकेत दिया कि पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा और विशेषज्ञ समन्वय क्यों जरूरी हैं। क्या संपादकीय बोर्ड में विधि विशेषज्ञ, शिक्षाशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल थे? क्या उनका समन्वय पर्याप्त था? लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं है, लेकिन आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा को पहचानना आवश्यक है। भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार भारत करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों में 91वें स्थान पर है। यह सुधार के बावजूद मध्य स्तर की स्थिति दर्शाता है। इसलिए बच्चों को यह समझाना आवश्यक है कि भ्रष्टाचार क्यों उत्पन्न होता है, इसे रोकने के लिए कौन से संवैधानिक तंत्र हैं, और नागरिकों की भूमिका क्या हो सकती है। किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या को प्रस्तुत करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है, न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप। न्यायपालिका की गरिमा और पारदर्शिता दोनों महत्वपूर्ण हैं। लोकतंत्र के तीन स्तंभ–विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका–आपस में संतुलित रहकर ही सुचारु रूप से कार्य करते हैं। यदि बच्चों के मन में किसी एक स्तंभ के प्रति अविश्वास उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। गरिमा की रक्षा का अर्थ यह नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। वास्तव में, न्यायपालिका की प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस सन्दर्भ में पाठ्य पुस्तकों के लिए एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता है। अध्यायों में "संस्थागत अध्ययन" का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है कि तीन मुख्य आयाम शामिल हों–संविधान द्वारा प्रदत्त न्यायपालिका की भूमिका, वास्तविक चुनौतियां, और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख होना चाहिए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक; वे सजग और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। शिक्षा मंत्रालय को इस अवसर का उपयोग आत्ममंथन के रूप में करना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है कि स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र विकसित किया जाए, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर समाज की सहमति और दृष्टिकोण का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस संदर्भ में रचनात्मक पहल कर सकती है। वह विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ कर सकती है, सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध करा सकती है, जिससे भ्रांतियों और गलतफहमियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी। अंततः यह विवाद हमें यह सोचने के लिए विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता की शिक्षा देना चाहते हैं। क्या हम उन्हें केवल समस्याओं का बोध देंगे, या समाधान की प्रेरणा भी देंगे? क्या हम उन्हें संस्थाओं पर अविश्वास करना सिखाएंगे, या सुधार में सहभागी बनने की चेतना से सम्पन्न बनाएंगे? शिक्षा का कार्य इसी संतुलन को साधना है–सत्य और संतुलन, आलोचना और रचनात्मकता, संस्थागत गरिमा और सुधार की पहल। भ्रष्टाचार एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती है, पर उसका समाधान संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से नहीं, बल्कि उन्हें अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाकर ही निकलेगा। लोकतंत्र की सच्ची शक्ति आलोचना और आत्मसुधार के समन्वय में ही निहित है, और यही संतुलन हमारी पाठ्य पुस्तकों में भी प्रतिबिंबित होना चाहिए। यदि यह विवाद हमें अधिक परिपक्व, संवादशील और उत्तरदायी शैक्षिक व्यवस्था की ओर ले जाए, तो यह एक नई दिशा, नई दृष्टि और नई संरचना के प्रादुर्भाव का अवसर सिद्ध हो सकता है।

शिक्षा और न्यायपालिका–दोनों की गरिमा और संवैधानिक भूमिका का सही ज्ञान बच्चों को न केवल नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाता है, बल्कि उन्हें लोकतांत्रिक समाज में जिम्मेदार, सजग और सक्रिय नागरिक बनाने की नींव भी रखता है। यही शिक्षण की वास्तविक दृष्टि है–समस्याओं का ज्ञान देने के साथ समाधान और सुधार की प्रेरणा भी देना।

## विचार विण्डो

# रंगकर्मियों के लिए नियमित अभ्यास का महत्व

गिरिजा शंकर

रंगमंच केवल मंच पर प्रस्तुत होने वाला नाटक नहीं है, बल्कि यह निरंतर अभ्यास और समर्पण का परिणाम है। छोटे और बड़े शहरों के शौकिया और पेशेवर रंगकर्मियों के लिए नाटकों की रिहर्सल ही काफी नहीं है; उनके अभिनय कौशल, गायन, नृत्य और संवाद क्षमता को परिपक्व बनाने के लिए नियमित अभ्यास या 'रियाज' की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में प्रवेश के लिए ऑडिशन हो या किसी फिल्म या टीवी सीरियल के लिए चयन प्रक्रिया - अधिकांश कलाकारों को यही जवाब मिलता है कि "आपकी तैयारी पूरी नहीं है। तैयारी करें।" यह तैयारी केवल नाटक के मंचन तक सीमित नहीं होती। यह नाट्य अभ्यास है - एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया, जो कलाकार की कला को संवेदनशील और संप्रेषणीय बनाती है। हिंदी रंगमंच में अक्सर नाटकों के रिहर्सल को ही अभ्यास मान लिया जाता है, जबकि यह केवल किसी विशेष नाटक की प्रस्तुति तक सीमित होता है। नाटक समाप्त होते ही रिहर्सल का सिलसिला थम जाता है, और कलाकार का व्यक्तिगत अभ्यास अक्सर अनदेखा रह जाता है।

छोटे शहरों में रंगमंच कार्यशालाओं और रंग शिविरों का आयोजन होता रहता है, लेकिन अधिकांश कार्यशालाओं का फोकस प्रस्तुति योग्य नाटक तैयार करने पर होता है। इन कार्यशालाओं में भी कलाकारों का व्यक्तिगत अभ्यास और निरंतर रियाज सुनिश्चित नहीं होता। जबकि संगीत और नृत्य जैसी शास्त्रीय कलाओं में नियमित और संरचित अभ्यास की परंपरा रही है, हिंदी रंगमंच में इसे अब तक व्यवस्थित नहीं किया गया। केवल कुछ पेशेवर रंगकर्मी व्यक्तिगत स्तर पर स्वर और आवाज का अभ्यास करते हैं।

रंगकर्मियों के लिए यह आवश्यक है कि वे न केवल नाटकों के रिहर्सल पर निर्भर रहें, बल्कि नियमित और सुनियोजित अभ्यास के माध्यम से अपनी कला को विकसित करें। यह अभ्यास नाटक के प्रदर्शन की तैयारी से कहीं आगे बढ़कर कलाकार की समग्र प्रतिभा को परिपक्व बनाता है। अभिनय में केवल संवाद बोलना ही नहीं, बल्कि भावनाओं का सही संप्रेषण, शरीर की अभिव्यक्ति, स्वर की पकड़, और नृत्य या गायन का सहज समावेश भी जरूरी है। इन सभी को नियमित अभ्यास से ही दक्ष बनाया जा सकता है।

एक व्यवस्थित अभ्यास मॉड्यूल तैयार करना और कलाकारों के लिए अभ्यास का वातावरण उपलब्ध कराना हिंदी रंगमंच की आवश्यकता है। यह न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि रंगकर्मियों को पेशेवर अवसरों के लिए भी तैयार करता है।



छोटे शहरों में सक्रिय शौकिया कलाकार अक्सर नाटकों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, लेकिन जब वे बड़े मंच या राष्ट्रीय स्तर पर ऑडिशन के लिए जाते हैं, तो उनकी तैयारी अपर्याप्त साबित होती है। निरंतर रियाज उनके कौशल को निखारता है और उन्हें प्रतिस्पर्धी माहौल में बेहतर बनाता है।

अभ्यास का महत्व केवल व्यक्तिगत कौशल तक सीमित नहीं है। रंगमंच सामूहिक सृजन का कार्य है, और समूह के भीतर समन्वय, संवाद और सामूहिक रचनात्मकता भी अभ्यास के माध्यम से मजबूत होती है। कलाकार का व्यक्तिगत अभ्यास ही सामूहिक प्रस्तुति की गुणवत्ता को बढ़ाता है। जब कलाकार शारीरिक, भावनात्मक और तकनीकी रूप से परिपक्व होते हैं, तो नाटक का संपूर्ण अनुभव दर्शकों के लिए प्रभावशाली बनता है।

शिक्षण संस्थाओं और रंग संस्थाओं के पाठ्क्रमों में अभ्यास को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करना भी जरूरी है। यह न केवल कलाकारों को एक स्थिर अभ्यास की परंपरा सिखाता है, बल्कि उन्हें निरंतर आत्ममूल्यांकन और सुधार की आदत भी विकसित करता है। सुनियोजित मॉड्यूल और संरचित अभ्यास से कलाकारों का मानसिक और शारीरिक सामर्थ्य दोनों मजबूत होता है।

रंगमंच की दुनिया में सफलता केवल टैलेंट या अनुभव पर निर्भर नहीं करती। यह कलाकार की समग्र तैयारी, रियाज और आत्मनियंत्रण पर निर्भर करती है। छोटे शहरों के कलाकारों के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अक्सर उन्हें सीमित संसाधनों और अवसरों के बावजूद उच्च स्तर की कला प्रस्तुत करनी होती है। नियमित अभ्यास ही उन्हें आत्मविश्वासी, निपुण और अवसरों के लिए तैयार बनाता है।

अंततः, हिंदी रंगमंच को यह समझना होगा कि कलाकार का व्यक्तिगत अभ्यास नाट्य संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा है। रिहर्सल केवल प्रस्तुति तक सीमित नहीं रह सकती। रंगकर्मियों को निरंतर अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करना, उनके लिए अभ्यास मॉड्यूल तैयार करना और एक सकारात्मक अभ्यास वातावरण बनाना ही कला के दीर्घकालिक विकास की कुंजी है।

इसलिए, छोटे और बड़े शहरों के कलाकारों के लिए यह स्पष्ट है कि नाटकों की रिहर्सल ही पर्याप्त नहीं।

नियमित रियाज उनके आगे बढ़ने, बेहतर अवसर प्राप्त करने और पेशेवर दुनिया में सफल होने की तैयारी की मूल नींव है। रंगकर्मियों को चाहिए कि वे अपने अभिनय कौशल, गायन, नृत्य और संचार क्षमता को परिपक्व बनाने के लिए दैनिक अभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाएं। यही हिंदी रंगमंच की नई दिशा और भविष्य का आधार बनेगा।

## टी 20 के तीन मैच तय करेंगे कौन बनेगा चैंपियन

# सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से चार को

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईसीसी टी 20 विश्व कप अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सुपर-8 मुकाबलों के बाद अब सेमीफाइनल की चारों टीमें तय हो गई हैं। भारत, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने अंतिम चार में जगह बनाई है। अब सिर्फ तीन मैच बचे हैं-दो सेमीफाइनल और एक फाइनल, जो तय करेगा कि इस बार टी 20 का चैंपियन कौन बनेगा।

पहला सेमीफाइनल 4 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा। इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड आमने–सामने होंगी। दोनों टीमों ने सुपर-8 चरण में दमदार प्रदर्शन किया है। इस मैच को जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम का सफर यहीं समाप्त हो जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल 5 मार्च को मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में खेला जाएगा। शाम 7 बजे से शुरू होने वाले इस मुकाबले में भारत और इंग्लैंड की टीमें आमने–सामने होंगी। यह लगातार तीसरी बार होगा जब टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दोनों टीमों की भिड़ंत होगी। 2022 में इंग्लैंड ने भारत को हराया था, जबकि 2024 में टीम इंडिया ने शानदार वापसी करते हुए इंग्लैंड को मात दी और खिताब भी जीता। ऐसे में इस बार मुकाबला और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। फाइनल मैच 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। अब सबकी नजरें भारत और इंग्लैंड के सेमीफाइनल पर टिकी हैं, जहां से तय होगा कि टीम इंडिया एक बार फिर खिताब की ओर कदम बढ़ा पाएगी या नहीं।



### सबकी नजरें भारत और इंग्लैंड के सेमीफाइनल पर टिकी

## सपना चौधरी का खुलासा 35 मुकदमे, बैन और अपराधियों के बीच परफॉर्मेंस

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हरियाणवी डांसर और सिंगर सपना चौधरी इन दिनों रियलिटी शो 'द 50' में नजर आ रही हैं। शो के दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी से जुड़े कई चौंकाने वाले अनुभव साझा किए। सपना ने बताया कि उनके खिलाफ 35 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें ज्यादातर मामले उनके स्टेज शो के दौरान हुई अफरा–तफरी से जुड़े हैं।

सपना के मुताबिक, करियर के शुरुआती दौर में उनके कार्यक्रमों में अक्सर झगड़े और तोड़–फोड़ की घटनाएं हो जाती थीं। हालात इतने बिगड़े कि बागपत, मेरठ और बड़ौत जैसे इलाकों में उनके शो पर बैन तक लगा दिया गया। उन्होंने कहा कि उस समय हालात संभालना बेहद मुश्किल हो जाता था और इसका खामियाजा उन्हें कानूनी मामलों के रूप में भुगतना पड़ा। सबसे डरावना किस्सा साझा करते हुए सपना ने बताया कि एक बार आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने देर रात आए एक परफॉर्मेंस ऑफर को स्वीकार कर लिया। जब वह मौके पर पहुंचीं तो वहां 25–26 टेबल सजी थीं और हर टेबल पर खुलेआम हथियार रखे थे। करीब 50 लोगों की मौजूदगी में उन्हें डांस करना था। माहौल देखकर वह सहम गईं, लेकिन मजबूरी में परफॉर्मेंस शुरू की। इसी दौरान एक शख्स स्टेज पर आया, कुछ कहकर चला गया और बाद में अचानक आकर उन्हें किस करके भाग गया।

## गुरुद्वारे का 'शोमू' कैसे बना सुरों का सरताज



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मशहूर गायक अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास के बाद उनके परिवार की जड़ों को लेकर एक भावुक कहानी सामने आई है। उनके पिता सुरिंदर सिंह ने बताया कि उनका सिख परिवार विभाजन के समय लाहौर के पास से पश्चिम बंगाल आ बसा था। पहले लालगोला और फिर मुर्शिदाबाद जिले के जियागंज में परिवार ने नई शुरुआत की।

सुरिंदर सिंह के मुताबिक, विभाजन के बाद सब कुछ पीछे छोड़ना पड़ा। जियागंज में नदी किनारे बसे कुछ पंजाबी परिवारों ने मिलकर एक छोटा सा समुदाय बनाया, जो आगे चलकर 'पंजाबीपारा' के नाम से जाना गया। यहीं एक गुरुद्वारा बना, जो धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बन गया। अरिजीत बचपन में अपनी मां के साथ गुरुद्वारे में कीर्तन गाया करते थे। घर और मोहल्ले में आज भी लोग उन्हें प्यार से 'शोमू' कहकर बुलाते हैं। 2013 के बाद देश के सबसे लोकप्रिय गायकों में शामिल होने के बावजूद अरिजीत का अपने शहर से जुड़ाव कभी कम नहीं हुआ। उनके पिता बताते हैं कि मुंबई में सफलता पाने के बाद भी उनका मन जियागंज में ही बसता था। अरिजीत के बच्चे आज भी जियागंज में पढ़ते हैं और उनके कई सामाजिक प्रोजेक्ट स्थानीय स्कूलों के विकास पर केंद्रित हैं। हाल ही में संन्यास के बाद उन्होंने 'रैना' नाम से नया गाना रिलीज कर अपने संगीत सफर का नया अध्याय भी शुरू किया है, जिसे फैंस का भरपूर प्यार मिल रहा है।

# ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर हो सकती हैं पीवी सिंधू



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू के प्रशंसकों के लिए चिंताजनक खबर है। तीन मार्च से शुरू हो रहे ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 में उनका हिस्सा लेना मुश्किल नजर आ रहा है। मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनाव और एयरस्पेस बंद होने के कारण सिंधू दुबई में फंसी हुई हैं, जिससे वह इंग्लैंड के लिए उड़ान नहीं भर पा रही हैं। बताया जा रहा है कि सिंधू अपने इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ दुबई एयरपोर्ट पर थीं, तभी पास में हुए धमाके से अफरा-तफरी मच गई।

हालांकि, दोनों सुरक्षित हैं और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। लेकिन एयरपोर्ट बंद होने के कारण उनकी यात्रा फिलहाल अटकी हुई है। टूर्नामेंट में सिंधू का पहले राउंड में थाईलैंड की सुपनिडा कटेथोंग से मुकाबला होना था। मौजूदा हालात को देखते हुए उनके टूर्नामेंट से हटने की आशंका बढ़ गई है। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) स्थिति पर नजर बनाए हुए है और प्रभावित खिलाड़ियों की मदद के विकल्प तलाश रहा है। वहीं, भारत के अन्य खिलाड़ी इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी बर्मिंघम पहुंच गए हैं। लक्ष्य सेन का मुकाबला दुनिया के नंबर–1 खिलाड़ी शी युक्री से होगा, जो उनके लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। अब सभी की नजरें सिंधू की यात्रा और टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी पर टिकी हैं।

### दुबई में फंसीं भारतीय स्टार

## दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ के बयान से बवाल

# बोले– "पत्नी से कभी प्यार नहीं हुआ"

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ अपने एक बयान को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी निजी जिंदगी और शादी को लेकर खुलकर बात की। निरहुआ ने कहा कि उनकी शादी माता-पिता की इच्छा से हुई थी और उन्हें अपनी पत्नी से कभी प्यार नहीं हुआ।



निरहुआ के मुताबिक, वह शादी से पहले अपने करियर पर ध्यान देना चाहते थे, लेकिन परिवार के दबाव में उन्हें शादी करनी पड़ी। उन्होंने कहा, "जीवनसाथी वो होना चाहिए जिससे आप प्यार करें, लेकिन मेरे साथ ऐसा नहीं हो पाया। मैं सिर्फ अपना फर्ज निभा रहा हूं।" उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस बात का उन्हें मलाल और गिल्ट दोनों होता है। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि वह अपने परिवार और बच्चों के प्रति पूरी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह अपने बच्चों पर कभी शादी का दबाव नहीं डालेंगे। उन्हें अपने जीवनसाथी चुनने की पूरी आजादी दी जाएगी।

साल 2000 में उनकी शादी मंशा यादव से हुई थी और उनके तीन बच्चे हैं। उनकी पत्नी लाइमलाइट से दूर रहती हैं। वहीं, स्क्रीन पर उनकी जोड़ी अक्सर आम्रपाली दुबे के साथ पसंद की जाती है। निरहुआ का यह बयान अब सोशल मीडिया पर बहस का विषय बना हुआ है।

## सोनल चौहान दुबई में फंसी, बोलीं–हालात पूरी तरह नियंत्रण में

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच बॉलीवुड अभिनेत्री सोनल चौहान दुबई में फंसी हुई हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के चलते कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे बड़ी संख्या में यात्री वहां रुक गए हैं। सोनल ने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस को मौजूदा हालात की जानकारी दी है।

इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किए संदेश में सोनल ने बताया कि वह पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने लिखा कि स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं। अभिनेत्री ने अपने शुभचिंतकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी चिंता उनके लिए मायने रखती है, भले ही वह हर किसी को व्यक्तिगत रूप से जवाब न दे पा रही हों। सोनल ने लोगों से अपील की कि अफवाहों और दहशत फैलाने वाली खबरों से बचें। उनके मुताबिक, स्थिति नियंत्रण में है और घबराने की जरूरत नहीं है।

## भारत महिला क्रिकेट टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा

# टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने स्क्वॉड में किए बड़े बदलाव




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला टीमों के बीच जारी मल्टी–फॉर्मेट सीरीज अब अपने आखिरी चरण में पहुंच गई है। 6 मार्च से पर्थ के वाका ग्राउंड में एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस अहम मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपने स्क्वॉड में दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल कर बड़ा फैसला लिया है।

मुख्य तेज गेंदबाज किम गार्थ चोट के कारण टेस्ट मैच से बाहर हो गई हैं। उनके स्थान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 24 वर्षीय ऑलराउंडर रेचल ट्रेनमैन और 28 वर्षीय तेज गेंदबाज मैटलन ब्राउन को टीम में शामिल किया है। दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अभी तक डेब्यू नहीं कर पाई हैं और पर्थ टेस्ट में उन्हें मौका मिल सकता है। सीरीज की बात करें तो भारत ने टी 20 सीरीज 2–1 से अपने नाम की थी, लेकिन वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने जोरदार वापसी करते हुए 3–0 से क्लीन स्वीप कर दिया। अब टेस्ट मैच दोनों टीमों के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। अनुभवी ऑलराउंडर एलिसे पेरी क्वाड इंजरी से जूझ रही हैं। यदि वह फिट होती हैं तो केवल बल्लेबाज के रूप में खेल सकती हैं। वहीं कप्तान सोफी मोलिनक्स भी पीठ दर्द के कारण बाहर हैं। ऐसे में विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली एक बार फिर टीम की कमान संभालेंगी।

हीली ने हाल ही में होबार्ट में खेले गए तीसरे वनडे में 158 रनों की शानदार पारी खेली थी और टीम को सीरीज में बढ़त दिलाई थी। अब उनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच में भी जीत दर्ज कर सीरीज पर मुहर लगाना चाहेगा।

## तमिल सुपरस्टार सूर्या की नई फिल्म का पोस्टर रिलीज जुलाई में होगी रिलीज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तमिल सुपरस्टार सूर्या की अपकमिंग फिल्म का आधिकारिक टाइटल और पहला पोस्टर जारी कर दिया गया है। पहले 'सूर्या 46' के नाम से चर्चित इस फिल्म का नाम अब 'विश्वनाथ एंड संस' रखा गया है। पोस्टर में सूर्या एक छोटे बच्चे को गोद में लिए कूल अंदाज में नजर आ रहे हैं, चेहरे पर हल्की मुस्कान फिल्म के भावनात्मक पक्ष की झलक देती है। फिल्म का निर्देशन वेंकी एटलुरी कर रहे हैं। यह एक फैमिली एंटरटेनर बताई जा रही है, जिसमें इमोशन और ड्रामा का मेल होगा। फिल्म में ममिता बैजू के साथ रवीना टंडन भी अहम भूमिका में दिखेंगी।

## ईरान की इन फिल्मों ने जीता ऑस्कर कुछ रहीं नामांकन तक सीमित

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ईरान ने विश्व सिनेमा को कई ऐसी फिल्में दी हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। राजनीतिक और सामाजिक उथल–पुथल के बीच भी ईरानी सिनेमा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। कई फिल्मों को एकेडमी अवॉर्ड यानी ऑस्कर में सम्मान मिला, जबकि कुछ नामांकन तक पहुंचीं। सबसे पहले बात 1997 में रिलीज हुई फिल्म चिल्ड्रन ऑफ हेवन की। निर्देशक माजिद मजीदी की इस फिल्म को 1999 में बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म कैटेगरी में ऑस्कर नामांकन मिला था। भाई–बहन की मार्मिक कहानी पर आधारित इस फिल्म से प्रेरित होकर भारत में 'बम बम बोले' बनाई गई। इसके बाद 2011 में आई एक जुदाई ने इतिहास रच दिया। निर्देशक असगर फरहदी की इस फिल्म ने 2012 में बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म का ऑस्कर जीता। यह अवॉर्ड जीतने वाली पहली ईरानी फिल्म बनी। फरहदी की ही 2016 की फिल्म बिक्रीकर्ता ने भी बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म का ऑस्कर अपने नाम किया। हाल के वर्षों में पवित्र अंजीर का बीज (2024) और यह बस एक दुर्घटना थी (2025) जैसी फिल्मों को भी ऑस्कर नामांकन मिला।



## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर झपकी बनी जानलेवा

# बस-ट्रक की टक्कर, तीन की मौत, 31 घायल



**यूनिक समय, लखनऊ।** उन्नाव जिले में लखनऊ -आगरा एक्सप्रेसवे पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सिरधरपुर और देवखरी गांव के पास खड़े ट्रक से दो रोडवेज बस टकरा गईं। इस दुर्घटना में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 31 यात्री घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, रात करीब 12 बजे किलोमीटर संख्या 226 के पास एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा था, जो आंशिक रूप से सड़क घेर रहा था। इसी दौरान आगरा फोर्ट डिपो की एक रोडवेज बस पीछे से ट्रक में जा भिड़ी। इस टक्कर में बस में सवार 14 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पांच एंबुलेंस की मदद से घायलों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पहली दुर्घटना के बाद पुलिस क्षतिग्रस्त ट्रक को हटाने का प्रयास कर रही थी। रात करीब 2:30 बजे ट्रक को प्रीतमपुरा चौकी ले जाया जा रहा था, तभी आगरा फोर्ट की ही दूसरी रोडवेज बस उसी ट्रक में पीछे से टकरा गई। दूसरी टक्कर अधिक गंभीर साबित हुई,

### मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है

जिसमें तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। कोतवाल अखिलेशचंद्र पांडेय के अनुसार, ट्रक सड़क किनारे खड़ा था और दोनों बसों के चालकों को संभवतः झपकी आने के कारण हादसा हुआ। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। शवों को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है और पहचान की कोशिश जारी है। इस हादसे ने एक बार फिर एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा और रात्रिकालीन ड्राइविंग को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## होली पर दिल्ली-प्रयागराज ट्रेनों में भीड़, फर्श और शौचालय के पास बैठकर यात्रा कर रहे लोग



**यूनिक समय, प्रयागराज।** होली से पहले घर पहुंचने की जद्दोजहद चरम पर है। दिल्ली से प्रयागराज आने वाली ट्रेनों में हालात ऐसे हैं कि पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही। सोमवार की सुबह प्रयागराज जंक्शन पहुंची प्रमुख ट्रेनों में आरक्षित कोचों तक में वेटिंग टिकट वाले यात्री बड़ी संख्या में सवार मिले। कई यात्रियों को अपनी सीट तक पहुंचने में भारी मशक्कत करनी पड़ी।

यात्रियों के मुताबिक, कोच के गलियारों, फर्श और यहां तक कि शौचालय के पास भी लोग बैठे नजर आए। गुरुग्राम में कार्यरत अमित श्रीवास्तव ने बताया कि कंफर्म टिकट होने के बावजूद उन्हें एसी थ्री कोच में शौचालय तक जाने में दिक्कत हुई, क्योंकि बड़ी संख्या में प्रतीक्षा सूची वाले यात्री अंदर आ गए थे।

कीडगंज की महिमा ने बताया कि आरएसी टिकट पर साइड लोअर बर्थ में चार लोग बैठकर सफर कर रहे थे। स्टेशन पर उतरने के बाद भी परेशानी कम नहीं हुई। प्रतापगढ़, कौशांबी, जौनपुर और भदोही जाने वाली ट्रेनों और बसों में भी भारी भीड़ रही। रोडवेज बसें भी ठसाठस भरी रहीं। अतिरिक्त बसें चलाने के बावजूद यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर हादसे में किशोरी की मौत, पांच घायल

**यूनिक समय, बलिया।** गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की सुबह बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम मेहरौली के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। सुबह करीब 7:35 बजे तेज रफ्तार एक्सयूवी कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा पलट गया और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में किशोरी आराध्या की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसकी तीन वर्षीय बहन रुचि, पिता चंदन समेत पांच लोग घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा चालक ने अचानक सड़क पर आए कुत्ते को बचाने के लिए वाहन मोड़ा, तभी पीछे से आ रही कार टकरा गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां एक युवती ने दम तोड़ दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आरटीओ प्रवर्तन वंदना सिंह और आरआई निलंबित

**यूनिक समय, अलीगढ़।** स्कूल बस हादसे में छात्रा की मौत के बाद परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। आरटीओ प्रवर्तन वंदना सिंह और तत्कालीन संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) चंपालाल को निलंबित कर दिया गया है। चंपालाल की वर्तमान तैनाती सिद्धार्थनगर में है। दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं।

यह हादसा 28 फरवरी को अलीगढ़ सीमा से सटे कासगंज के ग्राम नगला साधु में हुआ था। चलती स्कूल बस का फर्श अचानक टूट गया, जिससे एक बच्ची सड़क पर गिर गई। गिरने के तुरंत बाद बस का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया था। जांच में सामने आया कि संबंधित स्कूल बस का बीमा नहीं था और उसका परमिट भी समाप्त हो चुका था। मामले का संज्ञान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने लिया, जिसके बाद जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की

### दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश जारी

गई। इसके अलावा उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) आगरा, एआरटीओ अलीगढ़ व कासगंज और यात्रीकर अधिकारी को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## कुकर्म के प्रयास का विरोध करने पर ऑटो चालक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**यूनिक समय, आगरा।** जिले के थाना सैंया क्षेत्र में ऑटो चालक विजयपाल की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि14 फरवरी को आरोपियों विष्णु और अमित शुक्ला ने 300 रुपये में ऑटो किराए पर लिया था। रास्ते में दोनों ने शराब पी और चालक को भी पिलाई। रेलवे ओवरब्रिज के पास उन्होंने विजयपाल के साथ जबरन कुकर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और कपड़े उतार दिए। झगड़ा बढ़ने पर उसे सड़क से नीचे खाई की ओर ले जाकर नाले में धक्का दे दिया। आरोप है कि दोनों ने उसका सिर पानी में तब तक दबाए रखा, जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई। इसके बाद शव नाले में फेंककर भाग गए। 17 फरवरी को मृतक के भाई हुकम सिंह ने गुमशुदगी की तहरीर दी थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लाइखेड़ा पेट्रोल पंप के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर मृतक का बैग, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

## मेरठ में दुल्हेंडी पर नमो भारत और मेट्रो सेवाएं शाम पांच बजे से होंगी शुरू



**यूनिक समय, मेरठ।** होली के रंगोत्सव को देखते हुए मेरठ में नमो भारत और मेरठ मेट्रो की सेवाओं के समय में अस्थायी बदलाव किया गया है। एनसीआरटीसी के अनुसार, चार मार्च (दुल्हेंडी) के दिन दोनों सेवाएं सुबह छह बजे से संचालित नहीं होंगी। इस दिन ट्रेनों का संचालन सुबह छह बजे से शाम पांच बजे तक निलंबित रहेगा और शाम पांच बजे से रात 10 बजे तक ही सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। त्योहार के दौरान रंग खेलने और भीड़भाड़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुरक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि होली के दिन सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाती है, इसलिए एहतियातन सुबह की सेवाएं रोकी गई हैं।

हालांकि, यह बदलाव केवल चार मार्च के लिए लागू रहेगा। पांच मार्च से नमो भारत और मेरठ मेट्रो अपने नियमित समय के अनुसार प्रतिदिन सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक संचालित होंगी। इसमें रविवार भी शामिल है। एनसीआरटीसी ने यात्रियों से अपील की है कि वे चार मार्च को अपनी यात्रा की योजना शाम पांच बजे के बाद ही बनाएं और इस अस्थायी बदलाव में सहयोग करें।

## जायदाद विवाद में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या



**यूनिक समय, लखनऊ।** बहराइच जिले में होली से ठीक पहले एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में रविवार देर रात एक युवक पर अपने ही परिवार के चार सदस्यों की कुल्हाड़ी से हत्या करने का आरोप है।

घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 1:30 बजे गांव निवासी निरंकार ने कथित तौर पर अपनी दादी शीतला देवी (82), पिता बदलूराम (62), मां संजू देवी (60) और बहन पार्वती (35) पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव करने आए उसके भाई गुरुदेव पर भी हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी भी झड़प के दौरान घायल हुआ है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आरोपी को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, परिवार में संपत्ति के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। हालांकि पुलिस ने लोगों से किसी भी तरह की अटकलें न लगाने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही हत्या के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने घर के अंदर से खून के निशान और अन्य साक्ष्य एकत्र किए हैं। वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है। एहतियात के तौर पर गांव में अतिरिक्त पुलिस बल और पीएसी तैनात की गई है। एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या से रामनगर गांव में शोक और भय का माहौल है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

## प्रेम संबंध बना हत्या की वजह, पहचान छिपाने को चेहरे पर डाला था तेजाब



**यूनिक समय, बलिया।** जिले में मिले अज्ञात शव की गुत्थी 19 दिन बाद सुलझ गई। मृतक की पहचान आजमगढ़ निवासी पंकज गुप्ता (30) के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, प्रेम संबंध और ब्लैकमेलिंग इस सनसनीखेज हत्याकांड की मुख्य वजह बने।

एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि पंकज का रेखा सिंह नाम की महिला से संबंध था। युवक के पास कुछ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो थे, जिनके जरिए वह रेखा पर दबाव बना रहा था। इससे परेशान होकर रेखा ने अपने पति अरुण सोनी, भाई विजय पाल सिंह, भाभी अंजनी सिंह और रिश्तेदार मनीष सिंह के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। सात फरवरी को रेखा ने पंकज को मिलने के बहाने रसड़ा बुलाया। वहां पांचों ने मिलकर उसकी

### अज्ञात शव की गुत्थी 19 दिन बाद सुलझी

हत्या कर दी। पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर तेजाब डाल दिया और शव को खेत में फेंक दिया। युवक का मोबाइल दूर फेंक दिया गया और बैग-कपड़े जला दिए गए। सर्विलांस के जरिए अंतिम लोकेशन मिलने पर पुलिस ने जांच तेज की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दो आरोपी फरार हैं। खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

### कारोबारी से 35 लाख की ठगी

## क्राइम ब्रांच बनकर डराया दो आरोपी गिरफ्तार

**यूनिक समय, मुरादनगर।** क्राइम ब्रांच की कार्रवाई का डर दिखाकर 35 लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10.30 लाख रुपये और वारदात में इस्तेमाल की गई क्रेटा कार बरामद की गई है। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। एसीपी लिपि नगायच के अनुसार, शामली के चौसाना गांव निवासी इमरान 21 फरवरी को अपने परिचित फुरकान के साथ मोदीनगर तहसील कृषि भूमि की रजिस्ट्री कराने जा रहे थे। रास्ते में फुरकान ने अपने साथियों विनोद चौहान और रामविलास के साथ मिलकर ठगी की साजिश रची। फुरकान ने इमरान से 35 लाख रुपये अपनी कार में रखवा लिए और कहा कि दूसरी पार्टी 45 लाख रुपये लेकर आने वाली है। इसके बाद विनोद और रामविलास स्कॉर्पियो गाड़ी में कुछ लोगों के साथ पहुंचे और खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर इमरान को डरा-धमकाकर अपने साथ ले गए। कुछ दूरी पर उसे उतारकर आरोपी रुपये लेकर फरार हो गए। अगले दिन रामविलास ने फुरकान को 18 लाख रुपये दिए, जबकि विनोद के खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। पुलिस ने बरामद रकम और वाहन कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सार संक्षेप

### बंगाल में तुष्टिकरण से विकास नहीं : अमित शाह

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दक्षिण 24 परगना में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति से विकास संभव नहीं है और राज्य आठ लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबा है। शाह ने मदरसों को मिलने वाली आर्थिक मदद पर भी सवाल उठाए और आगामी चुनाव में सत्ता परिवर्तन का दावा किया।

### नेपाल चुनाव से पहले सुशीला कार्की की अपील

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पांच मार्च को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने कहा कि देश एक ऐतिहासिक मोड़ पर है और हर वोट भविष्य तय करेगा। कार्की ने हालिया अशांति के बाद शांति और संवैधानिक स्थिरता बहाल करने में जनता के सहयोग के लिए आभार जताया।

### ईरान युद्ध पर ऑस्ट्रेलिया का स्पष्ट रुख

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ऑस्ट्रेलिया ने साफ किया है कि वह ईरान में किसी भी सैन्य अभियान में हिस्सा नहीं लेगा। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज की सरकार ने कहा कि मिडिल ईस्ट में संघर्ष बढ़ने पर भी ऑस्ट्रेलियाई सेना तैनात नहीं की जाएगी। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए अभियान जारी रखने की बात कही है।

### कुवैत में एफ-15 क्रैश, जांच जारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच कुवैत में अमेरिका का घातक एफ-15 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में विमान हवा में आग पकड़ते दिख रहा है। ईरान समर्थित हैंडल्स ने दावा किया कि उसे मार गिराया गया, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पायलट सुरक्षित हैं और दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

### दिल्ली में महिलाओं के लिए एलपीजी और बस यात्रा योजना

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली' कार्यक्रम में महिला-केंद्रित योजनाओं की शुरुआत की। राशन कार्ड धारकों को साल में दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे। 'लाडली-लाडली' योजना के तहत 30 हजार लड़कियों को 90 करोड़ रुपये डीबीटी से हस्तांतरित किए गए। 'सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड' से महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा मिलेगी।

# पश्चिम एशिया की स्थिति भारत के लिए गहरी चिंता का विषय : मोदी



## कहा, भारतीयों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अहम बयान सामने आया है। पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत की नीति हमेशा शांति, संवाद और कूटनीति पर आधारित रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में चल रहे विभिन्न संघर्षों के समाधान के लिए बातचीत ही एकमात्र प्रभावी रास्ता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति भारत के लिए गहरी चिंता का विषय है, क्योंकि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक रहते और काम करते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वहां मौजूद भारतीयों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच प्राथमिकता है।

भारत सभी संबंधित देशों के साथ लगातार संपर्क में है और हालात पर करीबी नजर रखी जा रही है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे. कार्नी के साथ नई दिल्ली में मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। संयुक्त प्रेस वक्तव्य में पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है।

उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है। इससे व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि कनाडा के पेंशन फंडों ने भारत में लगभग 100 अरब डॉलर का निवेश किया है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में उनके विश्वास को दर्शाता है। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देश व्यापारिक समुदाय के साथ मिलकर आर्थिक सहयोग की नई रूपरेखा तैयार करेंगे। वर्तमान वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ने शांति, स्थिरता और विकास को प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# सड़क हादसे के बाद महिला ने सेना के मेजर को चप्पल से पीटा

## हादसे में एक मासूम बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के इंदौर के पास महू क्षेत्र में एक सड़क हादसे के बाद सेना के एक मेजर की बीच सड़क पर पिटाई का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मेजर की कार अनियंत्रित होकर चार से पांच वाहनों से टकरा गई। इस हादसे में एक मासूम बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घायल बच्चे की मां गुस्से में मेजर पर टूट पड़ी और चप्पल से उनकी पिटाई कर दी। वहां मौजूद कुछ अन्य लोगों ने भी हाथापाई की। घटना का वीडियो किसी ने मोबाइल पर रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के चलते महू-इंदौर रोड पर लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने संबंधित वाहन को जब्त कर लिया है और मेजर के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पूरे मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मेजर ने भी घटना की सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी है। सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

## पश्चिम एशिया युद्ध का असर

# 500 करोड़ का निर्यात अटका 40 लाख की कुल्फी भी फंसी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का सीधा असर कानपुर के निर्यात कारोबार पर पड़ रहा है। खाड़ी देशों, खासकर दुबई को भेजा जाने वाला 500 करोड़ रुपये से अधिक का माल रास्ते में अटक गया है। वहीं करीब 400 करोड़ रुपये के तैयार उत्पाद फैक्टरियों में ही पड़े हैं। सौ करोड़ रुपये का चमड़ा उत्पाद समुद्र में जहाजों पर रुका हुआ है। बंदरगाहों और हवाई मार्ग पर अनिश्चितता के चलते कारोबारी असमंजस में हैं कि माल आगे भेजें या वापस मंगाएं। आयात-निर्यात विशेषज्ञ जफर फिरोज के मुताबिक, युद्ध के चलते खाड़ी देशों में शिपमेंट रोक दिए गए हैं। पहले अमेरिकी टैरिफ और अब युद्ध ने उद्योगों को दोहरी मार दी है। यदि समुद्री मार्ग बाधित होता है तो जहाजों को अफ्रीकी रूट से भेजना पड़ेगा, जिससे लागत कई गुना बढ़ जाएगी और व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा। चमड़ा उद्योग के अलावा कपड़ा, मशीनरी और मसाला कारोबार भी प्रभावित हैं। गोल्डी मसाले के निदेशक आकाश गोयनका ने बताया कि दुबई, यमन और लीबिया से नए ऑर्डर मिलने बंद हो गए हैं। हालात सुधरने तक कारोबार ठप रहने की आशंका है। इसी बीच कुल्फी कारोबार को भी बड़ा झटका लगा है। राजकुमार भगतानी और उनके बेटे मानस भगतानी का 40 लाख रुपये का कुल्फी का ऑर्डर सऊदी अरब भेजा जाना था, जिसे अंतिम समय पर रोकना पड़ा। तैयार माल वेयरहाउस में रखा है, जिसका अतिरिक्त किराया देना पड़ रहा है।

वहीं उद्यमियों का कहना है कि अगर जल्द हालात सामान्य नहीं हुए तो करोड़ों रुपये का नुकसान तय है। पश्चिम एशिया में जारी यह संघर्ष स्थानीय उद्योगों के लिए गहरी आर्थिक चिंता बनता जा रहा है।

# ओडिशा में बढ़ती गर्मी के बीच स्कूल-कॉलेजों के लिए नई एसओपी, टाइमिंग बदलने की सलाह




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मार्च की शुरुआत में ही बढ़ती गर्मी को देखते हुए ओडिशा सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों के लिए विशेष मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा भीषण गर्मी की चेतावनी के बाद राज्य के सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को लू प्रबंधन को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह कदम छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। एसओपी के तहत संस्थानों को सलाह दी गई है कि जहां तक संभव हो, कक्षाएं, आंतरिक मूल्यांकन और परीक्षाएं सुबह के समय आयोजित की जाएं। दोपहर के समय बाहरी खेलकूद, शैक्षणिक और सह-पाठक्रम गतिविधियों पर रोक लगाने को कहा गया है। यदि किसी कारणवश कार्यक्रम करना जरूरी हो तो उसे दिन के अपेक्षाकृत ठंडे समय में पर्यात सुरक्षा उपायों के साथ आयोजित किया जाए। निर्देशों में परिसर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। कक्षाओं, छात्रावासों और परीक्षा केंद्रों में ओआरएस का पर्याप्त भंडार रखने को भी अनिवार्य किया गया है। साथ ही ट्यूबवेल, हैंडपंप और अन्य जल सुविधाओं की नियमित जांच और मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं ताकि गर्मी के दौरान जल संकट न हो। आईएमडी पूर्वानुमान के अनुसार छह से 12 मार्च के बीच तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है।

# खामेनेई की मौत पर संजय राउत ने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने ईरान-इजरायल संघर्ष को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत पर भारत सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। पत्रकारों से बातचीत में राउत ने कहा कि यदि मोदी खुद को वैश्विक नेता मानते हैं, तो उन्हें युद्ध रोकने के लिए पहल करनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री को अपने मित्र अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात कर तनाव कम करने की कोशिश करनी चाहिए। राउत ने दावा किया कि खामेनेई भारत के सच्चे मित्र थे और उन्होंने हमेशा भारत का समर्थन किया। उन्होंने सवाल किया कि जब इतने बड़े नेता की हत्या हुई है तो भारत की ओर से शोक व्यक्त क्यों नहीं किया गया। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर संयुक्त मिसाइल हमला किया था, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने नेतन्याहू से फोन पर बात कर नागरिकों की सुरक्षा और शत्रुता समाप्त करने पर जोर दिया है।

# अजित पवार विमान हादसे के बाद नया विवाद, कंपनी मालिक पर गंभीर आरोप



## कहा, रोहित सिंह उड़ान के दौरान मुख्य पायलट की सीट पर सोते नजर आ रहे हैं, जो चिंताजनक है

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मौत के बाद अब नया विवाद खड़ा हो गया है। उनके बेटे जय पवार ने एक वीडियो साझा करते हुए निजी चार्टर कंपनी वीएसआर वेंचर्स के मालिक रोहित सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जय पवार का दावा है कि वीडियो में रोहित सिंह उड़ान के दौरान मुख्य पायलट की सीट पर सोते हुए नजर आ रहे हैं, जो बेहद लापरवाही भरा और चिंताजनक है।

जय पवार ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि आसमान में रहते हुए इस तरह की लापरवाही किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं हो सकती। उन्होंने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से मामले की तुरंत और सख्त जांच की मांग की है। साथ ही, उन्होंने जांच पूरी होने तक वीएसआर कंपनी के सभी विमानों को तत्काल ग्राउंड करने और रोहित सिंह को गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है। गौरतलब है कि 28 जनवरी 2026 को अजित पवार एक चार्टर्ड विमान से मुंबई से बारामती जा रहे थे। बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान दूसरी कोशिश में विमान कैश हो गया था। इस हादसे में अजित पवार सहित कुल पांच लोगों की मौत हुई थी। इस दुर्घटना के बाद से ही विमान कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

अब सामने आए वीडियो ने मामले को और गंभीर बना दिया है। परिवार की ओर से सख्त कार्रवाई की मांग के बीच यह मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

## होलिका पूजन के साथ जिले भर में गूंजे भजन-कीर्तन

# महिलाओं ने शुभ मुहूर्त में की पूजा-अर्चना



पथवारी मंदिर पर होलिका का पूजन करती महिलाएं।



कृष्णा नगर चौराहे पर होलिका का पूजन करती महिलाएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज नगरी में होली पर्व का उल्लास होलिका पूजन के साथ पूरे श्रद्धा के साथ और बढ़ गया। शुभ मुहूर्त के समय महिलाओं ने विधि-विधान से होलिका मईया की पूजा-अर्चना की। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक मंदिरों और मोहल्लों में भक्ति का वातावरण देखने को मिला।

सुबह होते ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर होलिका मईया के सामने रोली, चावल, गुड़, माला और जल अर्पित कर परिवार

### महिलाएं सज-धजकर होलिका पूजन को पहुंचीं

की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने घरों से थाली सजाकर लाईं और भजन, गीत एवं कीर्तन करते हुए सामूहिक रूप से पूजा संपन्न की।

पूजा के दौरान महिलाओं ने लोकगीत गाए। बच्चों और युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

## कल और परसों भी मनाई जाएगी रंग और गुलाल की होली

**संवाददाता**

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** सोमवार को होलिका पूजन के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमडी। महिलाओं ने परिक्रमा कर होलिका को सूत बांधकर खुशी की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान युवा दर्शक झूम कर नाचते रहे। कस्बा और क्षेत्र में कल और परसों होली का पर्व बनेगा। सोमवार को कस्बा के पथवारी मंदिर परिसर चौक में होलिका दहन के लिए होली सजाई गई। उपले और लकड़ी से सजी होली में होलिका मैया को विराजमान किया गया। भक्त प्रहलाद को गोद में लेकर बैठी होलिका की पूजा के लिए कस्बे की महिलाएं काफी संख्या में उमड़ी। विधि-विधान से महिलाओं ने पूजन किया और खुशहाली की प्रार्थना की। परिक्रमा कर होलिका के चारों ओर कच्चा सूत बांधकर मनोकामना मांगी। होलिका दहन समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने इस मौके पर ठंडाई का भी वितरण कराया पथवारी चौक परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ जुटी रही।

## जयगुरुदेव का तीन दिवसीय मेला कल से शुरू

**यूनिक समय, मथुरा।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय जयगुरुदेव होली सत्संग मेला तीन से पांच मार्च तक जयगुरुदेव आश्रम में होगा। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के प्रवक्ता बाबूराम ने बताया कि इस मेले में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन प्रातःकाल छह बजे तथा सायंकाल 3.30 बजे से प्रवचन होंगे। चार मार्च को प्रातः काल पूजन एवं संस्था प्रमुख पंकज महाराज द्वारा सत्संग के प्रतिदिन प्रार्थना, साधना, सुमिरन, ध्यान, भजन का अभ्यास कराया जायेगा।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि में पंचदिवसीय होली महोत्सव में कलाकारों ने बांधा समां



श्रीकृष्ण जन्म स्थान के मंच पर मयूर नृत्य करते कलाकार।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि में पंचदिवसीय होली महोत्सव के अन्तर्गत आज होली रसिया गायन के साथ पारंपरिक लोक नृत्य कलाओं का मंचन श्यामा लोक कलामंच समिति के कलाकारों ने किया। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान की विज्ञप्ति के अनुसार 27 फरवरी से प्रारम्भ हुए होली के पंचदिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज चतुर्थ दिवस सायं चार बजे से श्रीकृष्ण-जन्मस्थान (जन्मभूमि) प्रांगण स्थित पवित्र लीलामंच पर गोवर्धन के राजेश प्रसाद शर्मा एवं उनके सहयोगी कलाकारों ने होली की विभिन्न विधाओं मयूर नृत्य, चरकुला नृत्य, पुष्प-होली के साथ पारंपरिक होली-रसिया गायन कर श्रद्धालुओं को नृत्य करने पर विवश कर दिया।

### होली-रसिया गायन कर श्रद्धालुओं को नृत्य करने पर विवश कर दिया

पंचदिवसीय होली महोत्सव के समापन पर पंचम दिवस चार मार्च को लीलामंच पर सायं चार बजे से ब्रज के गायक जगदीश ब्रजवासी एवं उनके सहयोगी कलाकारों द्वारा पारंपरिक होली रसिया-गायन किया जायेगा। ज्ञातव्य हो कि तीन मार्च को खग्रास चन्द्रग्रहण के कारण जन्मभूमि के सभी मंदिरों के मंगला दर्शन आरती के साथ प्रातः पांच बजे से प्रातः छह बजे तक होंगे। चन्द्रग्रहण मोक्ष के उपरान्त रात्रि आठ बजे पुनः सभी मंदिरों में एक साथ आरती के साथ दर्शनों हेतु पट खुलकर नियत समय रात्रि नौ बजे बन्द होंगे।

## गोपीनाथ मंदिर में विधवा माताओं ने खेली होली



होली के लिए गेहूं की बाल बेचती महिला।



वृंदावन स्थित गोपीनाथ मंदिर में होली खेलती विधवा महिलाएं।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृंदावन।** सुलभ इंटरनेशनल की ओर से गोपीनाथ मंदिर में आयोजित होली उत्सव में विधवा माताएं शामिल हुई। एक-दूसरे पर सूखे रंग और फूल फेंककर होली खेली। होली का उत्सव उन सैकड़ों विधवाओं के लिए यादगार अवसर बन गया है, जिन्हें कुछ समय पहले तक अपमान का सामना करना पड़ता था। सुलभ इंटरनेशनल की कार्यकारी संयोजक नित्या पाठक ने बताया कि पांच आश्रमों में रहने वाली बड़ी संख्या में माताओं ने रंगों के इस उत्सव में भाग लिया।

उत्सव के लिए 1000 किलोग्राम से अधिक फूल और 700 किलोग्राम गुलाल (सूखे रंग) की व्यवस्था की गई थी। कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में विधवाओं ने बदलाव को अपनाया है और होली और दिवाली जैसे त्योहारों में भाग लेने के लिए आगे आई हैं। कुछ समय पहले तक यह अकल्पनीय था। होली जैसे त्योहारों में भाग लेने से उनका मनोबल बढ़ता है और वे आशा और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ती हैं।

## नेत्र विशेषज्ञ ने बताया रंगों से आंखों को बचाने का उपाय



डॉ. रिक्की मित्तल

**यूनिक समय, मथुरा।** रंगों के त्यौहार होली को खेले जाने के लिए चंहुओर तैयारियां चल रही है। घरों में बच्चे हों अथवा बूढ़े सभी होली की मस्ती में झूमने का इंतजार कर रहे हैं। होली खेलें तो सावधानी के साथ। थोड़ी सी असावधानी आंखों को नुकसान कर सकती है। नेत्र चिकित्सक डॉ. रिक्की मित्तल ने कुछ बातों को ध्यान में रखने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि होली की शरुआत होने वाली है। होली रंगों का त्यौहार है। होली खेलने के दौरान केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करें। हरबल रंगों और गुलाल से होली खेले। रंग लगाने के दौरान अगर आंखों में रंग चला भी जाए तो आंखों को रगड़े नहीं। आखों को साफ पानी से धोएं अगर आंख में लालमी अथवा पानी आने लगे अथवा धुंधला दिखाई देने लगे तो तुरंत नेत्र विशेषज्ञ को दिखाएं।

## संगठित समाज की शक्ति हनुमान की तरह असीमित होती है: ब्रह्मानंद महाराज

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** डेंपियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में बोलते हुए राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख एवं प्रचारिका डॉ शरद रेनू ने कहा कि हिन्दू परिवार में मां की भूमिका केवल एक स्त्री होने तक सीमित नहीं है, वह बच्चे की पहली गुरु के रूप में होती है, जिसका दायित्व होता है बच्चे की नींव तैयार करना, इसीलिए हर हिन्दू मां को अपने बच्चे को राष्ट्रप्रेमी बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पंच परिवर्तन के विषय में बोलते हुए उन्होंने कहा कि बहुत विचार करने के पश्चात ये पंच परिवर्तन के विषय समाज के बीच में लेकर आरएसएस आया है, जिसमें स्वदेशी, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य एवं सामाजिक समरसता जैसे विमर्श हैं, अगर समाज इन विषयों को अपना ले तो वो दिन दूर नहीं जब हम विश्व गुरु के रूप में अपने आप को देख सकेंगे। अखंड




हिंदू सम्मेलन में अतिथि एवं वक्ता।

भारत परिषद अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी ब्रह्मानंद महाराज ने कहा कि हिन्दू समाज जब संगठित हो जाता है तो इसकीं शक्ति भगवान हनुमान की तरह हो जाती है और फिर उस शक्ति के लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं रहता, ऐसे कई उदाहरण हमारे इतिहास में हैं जब हिन्दू समाज की संगठित शक्ति ने असंभव से दिखने वाले कार्यों को आसानी से हल कर दिया। मुख्य वक्ता आरएसएस के भवेंद्र ने कहा कि हिंदुओं को एक होता देख विघटनकारी शक्तियां भी जागृत हो जाती हैं और नये नए षडयंत्र रचती हैं जिससे हिन्दू समाज की एकता खंडित हो ऐसे में समाज को चाहिए कि इन शक्तियों से दूर रहे और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए अपनी आपसी एकता बनाए रखें। सरदार बलविंदर ने कहा सिख तो हिंदू समाज का ही अंग है। गुरुवाणी में भी 50 से ज्यादा बार राम शब्द आया है और तो और पहले तो

### विघटनकारी शक्तियों से दूर रहे हिंदू समाज : भवेंद्र

हिन्दू परिवार का बड़ा और शक्तिशाली बेटा सिख बनता ही बनता था। सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं भदौरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के चेयरमैन हरिकृष्ण भदौरिया ने हिन्दू सम्मेलन और हिन्दू एकता को आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने आगे भी ऐसे सम्मेलनों के लिए यथा संभव सहयोग देने का भी संकल्प लिया।

संचालन साधना सक्सेना और दिव्या अग्रवाल ने किया। सम्मेलन में ब्रजेश चतुर्वेदी, जुगल श्रीवास्तव, राकेश सक्सेना, अभिनव गोल्डी, आदित्य चतुर्वेदी, हर्षित सिसौदिया, चिराग अग्रवाल, नितिन पैथोलॉजी, विजय अग्रवाल सलेक्शन, कमल किशोर, मुरारी लाल अग्रवाल तथा शशांक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## श्रद्धा, सदभाव, समन्वय, संयम व समर्पण का शिक्षक है होलिकोत्सव

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृन्दावन।** जग विख्यात ब्रजधाम के रंगीली होली महोत्सव पर श्रीहरिदासपीठ मंदिर में आयोजित समारोह में इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि भारतीय गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा में यूँ तो प्रायः सभी उत्सव महोत्सव अपना-अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। परन्तु आनन्द पर्व होली को भारतीय पर्व श्रृंखला में जो अद्वितीय महत्व प्राप्त है, वो होली के अनूठेपन का परिचायक है। होलिकोत्सव श्रद्धा, सद्भाव, समन्वय, संयम एवं समर्पण का शिक्षक होने के साथ ही साथ अमिट प्रेम, अविरल भक्ति, हरिभजन-महिमा, प्रभु की सहज कृपा तथा दुष्टता (होलिका) के दुखान्त (दहन) का प्रतीक है। इतिहासकार के अनुसार अनेकता में एकता के प्रतिबिम्ब होली महोत्सव का अस्तित्व सृष्टि के प्रारम्भिक दौर से ही दृष्टिगोचर होता रहा है। सतयुग में दैत्यराज हिरण्यकष्यिपु के पुत्र भक्तराज प्रहलादजी द्वारा होली का श्रीगणेश हुआ मानते हैं। जब प्रहलादजी की मृत्यु हेतु बुआ होलिका ने भ्राता एवं राजा की आज्ञा से भक्तराज को गोद में लेकर वरदान में प्राप्त विशेषता के आधार पर अग्नि का आह्वान किया तो अग्नि प्रज्वलित होने से होलिका तो धू-धू करके भष्म हो गई, लेकिन प्रहलादजी सकुशल रहे। तभी से होली का सांसारिक प्रचलन हुआ माना जाता है। त्रेता युग में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्रजी ने भी परम्परागत होलिकोत्सव का आनंद उठाया था। इस सम्बन्ध में श्रीतुलसीदास कृत 'गीतावली' में लिखा है कि-समय विचारि कृपा निधि, देखि द्वार अति भीर। खेलहु मुदित नारि-नर, विहँसि कहे रघुवीर ॥ नगर नारि, नर, हर्षित, सब चले खेलन फाग। देखि राम छवि अतुलित, उमड़त उर अनुराग॥ उन्होंने कहा कि इसी के साथ श्रीराम वनवास के मध्य पवनपुत्र हनुमानजी द्वारा लंकादहन

### हर युग में अस्तित्वरत रही है होली

### मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने भी उठाया था रंगोंत्सव का आनंद

एवं राक्षसनगरी का विध्वंस भी होलिकोत्सव का ही अंग है। क्योंकि होलिका भी बुराइयों की जड़ थी, तो लंका भी दैत्य शरण स्थली के स्वरूप में दुष्टता को समेटे हुये थी। इसीलिए लंका रूपी होलिका का दहन कर हनुमानजी ने दुष्टता को समाप्त करने का स्तुत्य प्रयास किया। इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी के मुताबिक इसके पश्चात् द्वापर युग में तो होलीमहोत्सव को श्रीकृष्ण एवं राधा द्वारा मानो नया रूप ही दे दिया गया। उक्त सन्दर्भित भाव-सागर की एक अंजुली है-

हरि खेलत कान वधू गण में, लै अवीर सुकेसर रंग सनै। इत चाह भरी वृषभानु सुता, उमग्यो हरि के उत मोद मनै ॥ जब नैनन में तकि डारयौ लला, अपने कर सौं गहराय तनै। अति बाढत है द्रग पीर तऊ, पर काढत नाँही गुलाल बनै ॥

तब प्रियाजू को कहना ही पड़ा- बिहारी काढ़ि दै, मेरी कसकत आंख गुलाल। इतना सुनते ही बिहारीजी ने श्रीजी के नयन कमलों में से गुलाल अपनी पीताम्बरी से पौंछ डाला। इतिहासकार ने कहा कि तत्पश्चात् कलियुग में भी प्रारम्भ से ही होलीमहोत्सव की परम्परा पल्लवित हुई और शनैः-शनैः चरम की ओर अग्रसरित होती रही। उक्त सन्दर्भ में रसिकेस्वर स्वामी हरिदास द्वारा त्रयलोक सेवित ठाकुर बांके बिहारी महाराज को खिलाई गयी सरस रंगीली होली भूमण्डली होली महोत्सव परम्परा की केन्द्रबिन्दु सिद्ध हुई। जो आज भी श्रीबाँके बिहारीजी महाराज के मन्दिर में होली महोत्सव की जीवन्त प्रमाण के रूप में दृष्टिगत होती है।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053